मांग संख्या 08

मुख्य शीर्ष 2053

मद कमांक 1 से 18

(i) सुकमा जिला-सुकमा एवं नवागढ़ जिला-बेमेतरा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) का कार्यालय खोलने तथा प्रति कार्यालय 07 पद के मान से कुल 14 पदों के निर्माण के लिये वेतनभत्ते, यात्रा भत्ता, कार्यालय व्यय एवं वाहन कय मद में कुल ₹ 16.70 लाख आकस्मिकता निधि अग्रिम स्वीकृत किया गया है ।

(ii) न्यायालयीन प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णयानुसार डिक्रीधन का भुगतान हेतु राशि ₹ 0.15775 लाख का आकस्मिकता निधि अग्रिम स्वीकृत किया गया है ।

(iii) गुण्डरदेही जिला-बालोद, सिमगा जिला-बलौदाबाजार में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) का कार्यालय खोलने हेतु ₹ 22.00 लाख का व्यय संभावित है । इन कार्यालयों के लिए पद-सृजन हेतु पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

क.	पदनाम	पदसंख्या प्रति कार्यालय	कुल पदसंख्या	वेतन बैंड	ग्रेड वेतन
1.	डिप्टी कलेक्टर/अनुविभागीय अधिकारी	01	02	15600-39100	5400
2.	रीडर/सहायक ग्रेड-2	01	02	5200-20200	2400
3.	सहायक ग्रेड-3	01	02	5200-20200	1900
4.	स्टेनो टायपिस्ट	01	02	5200-20200	1900
5.	वाहन चालक	01	02	5200-20200	1900
6.	भृत्य	02	04	4750-7440	1300
	योग:-	**07**	**14**		

(iv) कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ के उपयोग हेतु प्रतिस्थापन मद में 01 वाहन कय पर 5.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः आकस्मिकता निधि अग्रिम की प्रतिपूर्ति हेतु ₹ 16,85,775 सहित कुल ₹ 43,86,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।